>

Title : Need to include biographies of Chhatrapati Shivaji and Veer Savarkar Vinayak Damodar in school curriculum.

**श्री गजानन ध. बाबर (मावल):** महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान शिवाजी महाराज एवं विनायक दामोदर के जीवन चरित्र को भारतीय इतिहास के पाठयक्रम में शामिल किये जाने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

छत्रपति शिवाजी एवं स्वतंत्रता सेनानी वीरसावरकर विनायक दामोदर जी का जन्म महाराष्ट्र राज्य की भूमि में हुआ था। इन दोनों महान देशभक्तों ने देशहित में अपना बलिदान दिया। शिवाजी महाराज ने हमेशा देशहित एवं जनहित के लिए आगे बढ़ते हुए स्वतंत्र राज्य स्थापित किया। देश के प्रत्येक नागरिक के दिल में उनके प्रति सम्मान एवं इज्जत है तथा उनका जीवनचरित्र हमेशा प्रेरणादायी रही है।

वीर सावरकर ने अंग्रेजों के विरूद्ध देशहित में अपना बलिदान दिया। उन्होंने कभी भी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की।

मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करूंगा कि इन दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन चरित्र को भारतीय इतिहास के पाठयक्रम में शामिल कराने की कृपा करें, जिससे प्रत्येक छात्र को इनके देशहित में किये गये बलिदान का ज्ञान हो सके और साथ ही साथ इनसे प्रेरित होकर छात्रों के दिल में भी देशभक्ति की प्रेरणा पैदा हो सके।